वर्ष 30 अंक 46
Pages 16
Bareilly, Saturday, 27 October 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 2/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण
Happy Karwa Chauth

inext

Page No : 04 Right Middle

'स्टेग' स्टेट इंटर जोनल चैम्पियनशिप आज से

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (26 Oct): यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन, लखनऊ श्रीराम मूर्ति मेमोरियल 65वीं 'स्टेग' यूपी स्टेट इंटर जोनल चैम्पियनशिप का आयोजन 27 से 30 अक्टूबर तक श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में किया जाएगा. प्रतियोगिता में प्रदेश के 5 मण्डल (17 डिस्ट्रिक्ट) के लगभग 230 खिलाड़ी भाग लेंगे. इस चैम्पियनशिप में पुरस्कार राशि 50 हजार रुपए श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट, 25 हजार रुपए यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन लखनऊ और 20 हजार रुपए 'स्टेग' इंटरनेशनल मेरठ से जीतने वाले खिलाड़ियों को दी जाएगी. कार्यक्रम के चीफ गेस्ट श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति और विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार बनर्जी, मानद सचिव यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन लखनऊ रहेंगे. चैम्पियनशिप में शामिल होने के लिए खिलाड़ी भी पहुंच गए हैं.

5 वर्ग में होगी प्रतियोगिता

- कैडेट -बालक एवं बालिका
- सब जूनियर- बालक एवं बालिका
- जूनियर- बालक एवं बालिका
- यूथ- बालक एवं बालिका
- सीनियर- महिला एवं पुरुष